महत्वपूर्ण एवं खास

रायगढ़ स्टेडियम का होगा खेल विस्तार

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ जिला मुख्यालय में स्थित स्टेडियम जल्द ही खिलाड़ियों के लिए नई सुविधाओं से लैस होगा जिसके लिए राज्य शासन द्वारा लगभग 15 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। शासन स्तर पर प्राप्त इस राशि से स्टेडियम के भीतर नया इंडोर स्टेडियम, बास्केट बॉल तथा अन्य बडे खेलों के लिए होगा। आने वाले समय में स्टेडियम में अन्य कई खेल सुविधाएं भी बढाई जाएगी ताकि यहां आने वाले खिलाड़ियों को किसी अन्य जगह में जाना नही पडे और एक ही जगह सभी सुविधाओं के मिलने के बाद उनके खेल स्तर में सुधार हो सके। जिले के कलेक्टर यशवंत कुमार ने इस संबंध में बताया कि रायगढ़ स्टेडियम के भीतर इंडोर स्टेडियम की मंजूरी मिल चुकी है और वहां कई खेल सुविधाएं शुरू की जानी है ताकि खिलाड़ियों को राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाने का मौका मिले। उनका कहना था कि आने वाले समय में स्टेडियम के भीतर खिलाड़ियों के लिए कैंटिन और खान पान की सुविधाओं का भी विस्तार होगा, ताकि वहां आने वाले खिलाड़ियों को बाहर भटकना न पडे।

भगवान परशुराम जयंती पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा

जगह-जगह हुआ स्वागत, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

न्याय साक्षी/रायगढ़। भगवान परशुराम जयंती जिलेभर में धूमधाम से मनाई गई। सर्व ब्राम्हण समाज की ओर से नगर में मंगलवार शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। भगवान परशुराम जयंती पर विविध धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए। गायत्री मंदिर के पास स्थित भगवान परशुराम मंदिर में सुबह महाआरती का आयोजन किया गया। साथ ही दिनभर धार्मिक और मानव सेवा से जुड़े कार्यक्रम किए गए। वहीं शाम को 5 बजे सर्व ब्राह्मण समाज के लोगों ने भव्य शोभा यात्री निकाली। शोभा परशुराम मंदिर से शुरू होकर हंडी चौक होते हुए कोतवाली रोड से न्यू मार्केट, पुत्री शाला रोड होते हुए गौरी शंकर मंदिर पहुंची जहां से सुभाष चौक होते हुए वापस मंदिर पहुंची। वहीं शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। शहर के कोतवाली रोड़, गौरीशंकर मंदिर के पास, सुभाष चौक सहित अन्य स्थानों पर विभिन्न समाज के लोगों द्वारा स्वागत कर जलपान की व्यवस्था की गई । इस शोभायात्रा में विजय वीरभान शर्मा, प्रवीण शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, गुरूपाल भल्ला, सुभाष पाण्डेय, अनिल शुक्ला, दीपक पाण्डेय, शशीकांत शर्मा, पवन शर्मा, राकेश पाण्डेय, अमित शर्मा, प्रवीण द्विवेदी, सुमित शर्मा, अनिता पाण्डेय, कंचन पाण्डेय, बबीता शर्मा, श्रीमती बीना शर्मा, श्रीमती सरोज शर्मा,श्रीमती मीना शर्मा, श्रीमती विभा शर्मा, श्रीमती शिप्रा शर्मा, श्रीमती स्नेहलता शर्मा, श्रीमती ललिता शर्मा, डॉ रोमा शर्मा, शीतल शर्मा, श्वेता शर्मा ,संतोष शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में अन्य महिला पुरूष व बच्चे शामिल हुए।

गौशाला के आड़ में फ्लाई एस का कारोबार बंद करने की मांग

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ जिला के खरसिया ब्लॉक के ग्राम पामगढ में संचालित कान्हा गौशाला को बंद करने की मांग ग्रामीणों ने की है उनका कहना है कि जिस उद्देश्य से गौशाला को बनाया गया है उसके उद्देश्य की पूर्ति गौशाला संचालक की ओर से नहीं किया जा रहा है वह केवल पूर्व गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष से शासकीय अनुदान के लिए ही इसका संचालन किया जा रहा था जबकि मवेशियों को रात में यहां रखकर बाकी समय इन्हें खुले में छोड़ दिया जाता है जिससे मवेशियों के द्वारा किसानों की फसलों को भी

» ग्रामीणों ने कहा उन्हें इसकी जरूरत नहीं

भारी नुकसान पहुंचाया जाता है।

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बना लिया गौशाला

ग्रामीणों ने पशुधन विकास विभाग को लिखे पत्र में इस बात की शिकायत की है कि गौशाला संचालक की ओर से अनुदान और दान की राशि पाने के लालच प्रलोभन में यहां गौशाला चलाया जा रहा है जबकि गौशाला के उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही ग्राम पंचायत की ओर से यह शिकायत न केवल संबंधित विभाग को की गई है बल्कि मंत्री उमेश पटेल से भी कार्यवाही की मांग की गई है।

अवैध फ्लाई एस हो रहा डंप ,पट रहा किसानों का खेत

एक तरफ गौशाला चलाकर यह बताने की कोशिश किया जा रहा है कि वह गायों की सेवा कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर गौशाला के भीतर फ्लाई एस भी डंप कराया जा रहा है जो मवेशियों के हीं नहीं लोगों स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है इतना ही नहीं बल्कि यदि गौशाला से दूध उत्पादन भी फ्लाई ऐश की वजह से दूषित हो सकता है हम आपको बता दें कि फ्लाई एस में राख की के अलावा अन्य औद्योगिक कचरा भी होता है जिसमें कुछ हद तक मेटल भी पाया जाता है ऐसे में मवेशियों के नथूनो में फ्लाई एस घुसकर उन्हें बीमार कर सकतें है। बताया जाता है कि जब इस फ्लाई एस में पानी पड़ता है तो यही फ्लाई एस मवेशियों के खुरों के अंदर घुस जाता है और भारी नुकसान पहुंचाता है। जिससे मवेशियों के पैर भी सड़ सकते हैं ।

आस-पास के किसानों के खेतों जांजगीर चांपा जिलें में स्थित प्रतिष्ठित मीडिया घरानें के उद्योग का फ्लाई एस है यह हम नही कह रहें हैं गौशाला संचालक स्वयं पटैल का कहना कि उपरोक्त उद्योग के ट्रांसपोर्टर द्वारा उक्त स्थल पर डम किया जा रहा है। उपरोक्त उद्योग के आगे नतमस्तक हैं रायगढ़ जिला के पर्यावरण अधिकारी कार्यवाही नोटिस से आगे न बढ़ पाने के कारण मन माना रवैया राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 200 अब 49 में हीं नहीं रायगढ़ से खरसिया, सक्ती से रायगढ़ पूरे ग्रामीण क्षेत्र मे अवैध रुप फेंका जा रहा जो लोगों के स्वास्थ्य पर्यावरण के लिए घात होते चला जा रहा मौन दर्शक बन जिम्मेदार तमाशबीन बने हुए कब तक यूँ हीं चलता रहेगा?

ट्रक ने मारी ठोकर, बाईक सवार युवक की मौत

न्याय साक्षी/रायगढ़। सब्जी खरीद कर वापस घर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. मृतक का नाम चंद्रशेखर पटेल पिता लालाराम पटेल 25 साल बताया गया है.

मामले में बताया गया कि खरसिया के नवागांव निवासी चंद्रशेखर मंगलवार दोपहर सब्जी खरीदने के लिए खरसिया सब्जी मंडी गया हुआ था और सब्जी लेकर वह वापस अपने घर जा रहा था. इसी दौरान खरसिया के चोरहा चौक के पास सामने से आ रही ट्रक ने उसकी बाईक को टक्कर मार दी. जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया. 112 रायनो की सहायता से उसे ईलाज के लिए खरसिया सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां चोट अधिक होने के कारण रायगढ़ मेकाहारा रेफर कर दिया गया. रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में ईलाज के लगभग एक घंटे बाद ही उसकी मौत हो गई.

जिला जेल में निरूद्ध बंदियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष रमाशंकर निर्देशन के निर्देशन में जिला जेल रायगढ़ में निरुद्ध बंदियों के लिये आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन शान्तनु कुमार देशलहरे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया।

शान्तनु कुमार देशलहरे, सचिव द्वारा बंदियों से मिलकर उनकी समस्याएँ सुनी गईं तथा उन्हें उक्त अभियान के उद्देश्यों एवं अभियान की प्रक्रिया को समझाते हुए, उक्त अभियान का प्रथम चरण 1 मई से प्रारंभ हो जाने एवं द्वितीय चरण 1 जून से प्रारंभ किये जाने की जानकारी दी गई तथा यह बताया कि उक्त अभियान के अन्तर्गत गठित उनकी टीम डोर-टू-डोर जाकर 01 वर्ष की अवधि से विचाराधीन एवं सजायाफ्ता बंदी जिनकी छ- माह की सजा अभी शेष है, ऐसे बंदियों के परिवार के सदस्यों से मिलकर संबंधित बंदी के जेल में निरुद्ध रहने से उनके परिवार वालों को आने वाली सामाजिक, आर्थिक, कानूनी एवं अन्य दिक्कतों एवं समस्याओं का निराकरण करने का हरसंभव प्रयास करेगी तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुँचायेगी। यदि बंदियों के परिवारजन को विधिक सहायता की आवश्यकता होगी तो उन्हें

पैनल अधिवक्ता के माध्यम से विधिक सहायता भी प्रदान करेगी। इस मौके पर जिला जेल रायगढ के अधीक्षक एस.के.मिश्रा एवं पेनल अधिवक्ता, पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित थे।

एक हजार से अधिक हैंडपंप व दो सौ से अधिक बोर पंप सूखे

» जिले के कई ब्लॉक में गिरते जा रहा जलस्तर

न्याय साक्षी/रायगढ़। गर्मी के मौसम में पारा जहां 45 से 46 डिग्री छू रहा है। वहीं बढ़ते तापमान से जिले के कई इलाकों में जल स्तर काफी नीचे चला गया है। गर्मी के दिनों में इस जल स्तर के नीचे जाने से अलग-अलग इलाकों में डेढ़ हजार से भी अधिक पंप व हैंडपंप सुख चुके हैं और कई जगह तो पानी निकलना भी पहले की अपेक्षा कम हो गया है।

रायगढ़ नगर निगम सहित जिले के अधिकांश ब्लॉक में

पीने के पानी की किल्लत तेजी से बढ़ती जा रही है। जिले के जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय सिंह का कहना है कि बढ़ते तापमान के चलते जल स्तर काफी नीचे जा रहा है और बरमकेला, पुसौर, खरसिया, तमनार जैसे कई इलाकों में तो सैकड़ो फीट पानी नीचे चले जाने से अब तक 1 हजार से भी अधिक हैंडपंप व 2 सौ से भी अधिक बोर पंप सुखे चुके हैं। उनका कहना है कि जिन इलाकों में पानी का स्तर नीचे चला गया है वहां पीने के पानी की कमी को दूर करने के लिए प्रयास जारी है। वो इस बात को कहने से नहीं चुकते कि कई इलाकों में धान की सिंचाई लगातार होनें से हैंडपंप से निकलने वाले पानी का उपयोग भी कहीं न कहीं गिरते जल स्तर का उदाहरण है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तत्परता सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%
Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Ayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480